>

Title: Issue regarding increasing number of cases of swine-flu in Rajkot in Gujarat.

श्री कुँवरजीभाई मोहनभाई बावलिया (राजकोट): अध्यक्ष महोदया जी, आज गुजरात में स्वाइन-फ्लू से जो मृत्यु हो रही है, उस ओर मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी, गुजरात राज्य में आज सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 510 स्वाइन-फ्लू के रोगी इंडीकेट हुए हैं। सरकारी अस्पतालों में अभी इसके 260 मरीज दाखिल हुए हैं, इनमें से 143 पॉजिटिव पाये गये हैं। अब तक राजकोट में 35 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और 37 लोग राजकोट अस्पताल में दाखिल हैं। जामनगर के अस्पताल में 14 लोगों की मृत्यु हुई है। ये तो सरकारी अस्पतालों का हाल है, प्राइवेट अस्पतालों में जो लोग दाखिल हैं उनकी संख्या अलग है। अब तक राज्य में 103 लोगों की मौत हो चुकी है। आज गुजरात के राजकोट में स्वाइन-फ्लू की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। वहां पर इस बीमारी से मृतक लोगों की संख्या दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही है। आम जनता पर इसका प्रकोप बढ़ता जा रहा है और सरकारी अस्पतालों से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। राजकोट की जनता बहुत भयभीत है। गुजरात सरकार गरीबों को दवाइयां और अन्य सुविधाएं देने में असमर्थ है जबकि दूसरी ओर गुजरात के...* माननीय अध्यक्ष जी, मेरी दो मांगे हैं। एक तो केन्द्र से इस विषय पर एक टीम भेजी जाए। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: All right. Thank you. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ ***

अध्यक्ष महोदया : श्री पी.एल.पुनिया को श्री कुँवरजीभाई मोहनभाई बावलिया के विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।The rest of the 'Zero Hour' matters will be taken up at the end of the day.